# कार्यालय मुख्य अभियन्ता
## मुरादाबाद क्षेत्र, लो0नि0वि0, मुरादाबाद ।

पत्रांक :- 5153 / 56 स्म. -मु0क्षे0/17 दिनांक- 26-7-20
संख्या सं.

जिलाधिकारी,
सम्भल ।

विषय :- ग्राम-चन्दावली तहसील व जिला-सम्भल स्थित गाटा सं0-151/2 बदायूँ बिल्सी-बिजनौर मार्ग (राज्य मार्ग-51) पर रिटेल आउटलेट स्थापित करने हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में ।

सन्दर्भ :- आपका पत्रांक 2421/4/रीडर-अ0प्र0पत्र/2016-17 दिनांक 28.04.2017

कृपया उपरोक्त विषयक सन्दर्भगत पत्र का सन्दर्भ ग्रहण करें। विषयगत प्रकरण में अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत, लो0नि0वि0, मुरादाबाद के पत्रांक-3210/105काम-मु0क्षे0/17 दिनांक 24.07.2017 द्वारा की गई संस्तुति एवं शर्तों के तारतम्य में ग्राम-चन्दावली तहसील व जिला-सम्भल स्थित गाटा सं0-151/2 बदायूँ-बिल्सी-बिजनौर मार्ग (राज्य मार्ग-51) पर रिटेल आउटलेट (पैट्रोल पम्प) स्थापित करने हेतु इण्डियन ऑयल कारपोरेशन, लिमिटेड को निम्न शर्तो के साथ लो0नि0वि0 से सम्बन्धित अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत किया जाता है :-

1- मानचित्र मानक के अनुसार बने है ।
2 प्रस्तावित निर्माण अभी तक प्रारम्भ नहीं किया गया है ।
3- आवेदक के विरूद्ध उक्त प्रस्तावित स्थल सम्बन्धी उ0प्र0 रोड साईड लैण्ड कन्ट्रोल एक्ट-1945 की धारा-13(1) अथवा 13(2) के अन्तर्गत कोई वाद न्यायालय में विचाराधीन नहीं है अन्य किसी प्रकार के वाद एवं विवाद के सम्बन्ध में आवेदक का उत्तरदायित्व होगा ।
4 प्रस्तावित निर्माण स्थल पालिका की सीमा के बाहर है ।
5- प्रस्तावित स्थल बदायूँ-बिल्सी-बिजनौर मार्ग (राज्य मार्ग-51) के कि0मी0 99, चैनेज 98.400 के बायीं ओर स्थित है ।
6- प्रस्तावित निर्माण कृषि योग्य भूमि पर बनाया जाना प्रस्तावित नहीं है ।
7- रिटेल आउटलेट की सर्विस रोड के लिये 05 कि0मी0 की दूरी पर सर्विस बेरियर नहीं है ।
8- बफर स्ट्रिप 12.00 मी0 लम्बाई एवं 3.00 मी0 चौडाई तथा रिटेल आउटलेट पर वाहनों का प्रवेश एवं निकास कवर्स की चौडाई 23.00 मी0 है ।
9- प्रस्तावित पैट्रोल पम्प का निर्माण आई0आर0सी0 कोड सं0-12-2009 के अनुसार किया जाये ।
10- आवेदक को प्रस्तावित निर्माण कार्य की मध्य रेखा से बफर स्ट्रिप 22.86 मी0, पम्प 33.86 मी0, 43.86 मी0 एवं भवन निर्माण 51.66 मी0 की दूरी पर है ।

क- आवेदक को रिटेल आउटलेट इण्डियन ऑयल कारपोरेशन, लिमिटेड पम्प लगाने की अनुमति मिलने के उपरान्त अपने निजी खर्चे से मान चित्रानुसार ओपन ड्रेन(नाली) एवं दोनो ओर पुलिया एवं पहुँच मार्ग तथा 7.00 मी0 चौडाई की सर्विस रोड का निर्माण लो0नि0वि0, की विशिष्टियों के अनुसार कराना होगा । 15 वर्षो के लिये लीजडीड एग्रीमेन्ट निर्धारित प्रपत्र(Annexure-3) पर फर्म से प्राप्त कर लिया गया है एग्रीमेन्ट की फीस सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त होने के उपरान्त जमा करायी जायेगी । प्रार्थी का लीजडीड एग्रीमेन्ट संलग्न है ।

ख- आवेदक को यह सुनिश्चित कराना होगा, कि पैट्रोल पम्प लगाने के पूर्व व पश्चात् मार्ग पर किसी प्रकार से यातायात के संचालन में अवरोध न होने पाये ।

ग- आवेदक द्वारा किसी भी दशा में स्वंय के इस्तेमाल एवं वर्षाती पानी का बहाव इस प्रकार कराना होगा कि पानी बिना किसी अवरोध के सीधा नाली में ही आये तथा किसी भी दशा मे रिटेल आउटलेट का पानी मार्ग पर नहीं आना चाहियें एवं नाले को बन्द नहीं किया जायेगा ।

घ- फिलिंग स्टेशन की सतह को मार्ग की लेपित सतह से 0.50 मी0 नीचा रखा जायेगा ।

11- प्रस्तावित पैट्रोल पम्प के पहुँच मार्ग पर 1.00 मी0 व्यास की आर0सी0सी0 पुलिया का निर्माण लो0नि0वि0 की विशिष्टियों के अनुरूप कराना होगा तथा निर्मित की जाने वाली पुलियों के बीच रोड साईड खन्ती में 1.00 मी0 चौडाई का ड्रेन बनाकर ऊपर स्टील पाईप के कैटिल केचर बना दिया जाये ताकि रोड का पानी सुरक्षा एवं सुविधा पूर्वक रोड साईट ड्रेन से होकर आगे प्राकृतिक नाली/नाले में बह सकें । किसी भी दशा में नाली/नाले

F:\Dk.World\Petrol Pamp doc

Indian Oil
Opp. Cold Storage
P.O. Pinhara

Scanned by CamScanner

को बन्द नहीं किया जायेगा। साथ ही यह सुनिश्चित करना होगा कि पानी किसी भी दशा में सड़क पर न आने पाये।

12. प्रस्तावित पैट्रोल पम्प के पहुँच मार्ग का ढाल लो0नि0वि0 मार्ग से पुलिया की ओर होगा तथा पुलिया आई0आर0सी0-13 के अनुसार निर्मित की जायेगी।
13. बफर स्ट्रिप के पास हैजिज की ऊँचाई 60सेमी0 से ऊपर न रखी जाये।
14. प्रस्तावित पैट्रोल पम्प का निर्माण लो0नि0वि0, मार्ग की स्थाई भूमि के बाहर अनुमोदित नक्शें के अनुसार किया जाये तथा निर्माण सामग्री इस सीमा में न रखी जाये। मार्ग के मध्य से 22.86 मी0 की दूरी के कम पर कोई भवन निर्माण नहीं होना चाहिये।
15. प्रस्तावित स्थल के ऊपर 100 मी0 दोनों ओर कोई रोड क्रोसिंग नहीं होनी चाहियें।
16. यदि निर्माण स्थल की भूमि पर न्यायालय का कोई विवाद विचाराधीन हो तो ऐसी स्थिति में अनापत्ति प्रमाण-पत्र स्वतः निरस्त समझा जायेगा।
17. प्रस्तावित पैट्रोल पम्प से सम्बन्धित निर्माण कार्य कराने के पूर्व प्रार्थी को **अधिशासी अभियन्ता प्रन्तीय खण्ड, लो0नि0वि, सम्भल** से लाईसेन्स डीड एक्जीक्यूट कराना आवश्यक है।
18. भूमि के स्वामित्व का सत्यापन राजस्व विभाग से करा लिया जाये इस सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।
19. लोक निर्माण विभाग मार्ग के चौड़ीकरण के समय यदि पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य हेतु पम्प आदि को शिफ्ट करने की आवश्यकता हुई तो प्रार्थी को अपने खर्चे पर ही कार्य कराना होगा। इस क्षति के लिये किसी भी प्रकार का मुआवजा नहीं दिया जायेगा। भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्रांक आर0डब्लू0/एन0एच0-33023-19/99-डी0ओ0 तृतीय दिनांक 31.08.2000, 25.09.2003 एवं 17.10.2003 में दी गयी गाईडलाईनों का अनुपालन करना होगा।

संलग्नः- 1-मानचित्र दो प्रतियों में।
2-एनक्जर एवं चैक लिस्ट।
3-भू0स्वामित्व की छायाप्रतिं, खतौनी एव सेल डीड।
4-लीज डीड एग्रीमेन्ट।
5-अधी0अभि0, मु0बाद का पत्र सं0-3210/105काम-मु0वृत/17 दि0 24.07.2017 के पत्र की छाया प्रति।

26/07
(एस0पी0 पाण्डेय)
मुख्य अभियन्ता

प्रतिलिपि :- अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत्त, लो0नि0वि0, मुरादाबाद को उनके पत्र दिनांक 24.07.2017 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियन्ता
मुरादाबाद क्षेत्र, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।

मुख्य मण्डल रिटेल सेल्स प्रबंधक / Chief Divisional Retail Sales Manager
मुरादाबाद मण्डल कार्यालय / Moradabad Divisional Office
इंडियन ऑयल कारपोरेशन लि. (एम.डी.)
Indian Oil Corporation Limited (M.D.)
कोल्ड स्टोरेज के सामने दिल्ली रोड, एन.एच. 24
Opp. Cold Storage Delhi Road, N.H. 24
पो. पाकबड़ा, मुरादाबाद-244102 (उ.प्र.)
P.O. Pakbara, Moradabad-244102(U.P.)



Scanned by CamScanner